# पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ

अध्यक्ष छात्र कल्याण

Email ID :- dsw@purneau.ac.in

बिहार-854301


दिनाक:– 08-08-2025

पत्रांक :–PUP (10/25 Acd) – DSW- 119 /25

## Notice

**B.A. /B.Sc. /B.Com. (CBCS) सत्र 2025-2029 में तृतीय मेधा सूची सूची में नामांकन संबंधित महत्वपूर्ण सूचना :-**

चार वर्षीय U.G. (CBCS) सत्र 2025-2029 में नामांकन के लिये इच्छुक छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि तृतीय मेधा सूची में नामांकन के लिए ऑनलाइन नामांकन फॉर्म में सुधार /अपडेट / नामांकन हेतु ऑनलाइन नामांकन आवेदन करने से छूटे हुए विद्यार्थियों के लिये फ्रेश एप्लाई हेतु समर्थ पोर्टल दिनांक **13 अगस्त 2025 से 18 अगस्त 2025** तक खोला जाएगा। ऑनलाइन नामांकन फॉर्म में सुधार या अपडेट केवल विद्यार्थी की रजिस्टर्ड ईमेल, लॉगिन आईडी और पासवर्ड से ही संभव होगा। ऐसे छात्र- छात्रा नामांकन फॉर्म में किसी भी समस्या के समाधान के लिए आप अपने नजदीकी महाविद्यालय स्थित हेल्प डेस्क सेंटर पर संपर्क कर सकते हैं।

**तृतीय मेधा सूची में नामांकन की प्रक्रिया निम्नलिखित छात्र छात्राओं के लिये होगी:-**

**Case -1:** ऐसे छात्र- छात्रा जो U.G. (CBCS) सत्र 2025-2029 में नामांकन हेतु ऑनलाइन नामांकन आवेदन करने मे छूट गये हैं और नया आवेदन करना चाहते हैं।

**समाधान:**

- ऐसे छात्र- छात्रा **13 अगस्त 2025 से 18 अगस्त 2025** तक पूर्णिया विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर समर्थ पोर्टल मे नामांकन हेतु अपना ईमेल, मोबाइल नंबर की सहायता से स्वयं को रजिस्टर्ड कर नया आवेदन **(fresh apply)** कर सकते हैं।
- विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर महाविद्यालयों में विषयवार रिक्त सीटों की उपलब्धता का भली-भाँति अध्यन कर सकते हैं।
- नामांकन हेतु नया आवेदन करने के लिये रिक्त सीटों के साथ निम्नलिखित महाविद्यालय में भी एप्लाई किया जा सकेगा।

| महाविद्यालय का नाम | विज्ञान संकाय | वाणिज्य संकाय | कला संकाय |
|---|---|---|---|
| अलहाज नईमुद्दीन शाहीदी कॉलेज, निम्ना, कटिहार | नही | सभी अनिवार्य विषय | अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, भूगोल, हिंदी, इतिहास, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, समाज शास्त्र एवं उर्दू (10 विषय) |
| सीमांचल डिग्री कॉलेज, कटिहार | वनस्पति विज्ञान, रसायन शास्त्र, गणित, भौतिकी एवं जंतु विज्ञान (05 विषय) | सभी अनिवार्य विषय | अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, भूगोल, हिंदी, इतिहास, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, समाज शास्त्र, गृहविज्ञान एवं उर्दू (11 विषय) |
| लवकुश डिग्री कॉलेज, प्राणपुर, कटिहार | वनस्पति विज्ञान, रसायन शास्त्र, गणित, भौतिकी एवं जंतु विज्ञान (05 विषय) | सभी अनिवार्य विषय | अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, भूगोल, हिंदी, इतिहास, गृहविज्ञान, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, समाज शास्त्र एवं उर्दू (10 विषय) |
| महात्मा गाँधी मेमोरियल डिग्री कॉलेज, पोठिया, किशनगंज | नही | सभी अनिवार्य विषय | अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, भूगोल, हिंदी, इतिहास, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, समाज शास्त्र, गृहविज्ञान, संगीत एवं उर्दू (10 विषय) |

08/08/25

# पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ

अध्यक्ष छात्र कल्याण

बिहार-854301

Email ID :- dsw@purneau.ac.in

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्कॉलर्स डिग्री कॉलेज, बड़हरा कोठी पूर्णियाँ | वनस्पति विज्ञान, रसायन शास्त्र, गणित, भौतिकी एवं जंतु विज्ञान (05 विषय) | सभी अनिवार्य विषय | अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, भूगोल, गणित, हिंदी, इतिहास, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, गृहविज्ञान एवं उर्दू (11 विषय) |
| सनराईस पूनम वीरेंद्र डिग्री कॉलेज ऑफ एजुकेशन,पूर्णियां | वनस्पति विज्ञान, रसायन शास्त्र, गणित, भौतिकी एवं जंतु विज्ञान (05 विषय) | सभी अनिवार्य विषय | अंग्रेजी, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, अर्थशास्त्र, भूगोल, गणित, हिंदी, इतिहास, संगीत, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, संस्कृत,लोक प्रशासन समाज शास्त्र, गृहविज्ञान एवं उर्दू (16) विषय |

**Case -2:** ऐसे छात्र- छात्रा जिन्हें ऑनलाइन नामांकन आवेदन में गलत या अपूर्ण जानकारी के कारण महाविद्यालय द्वारा नामांकन लेने से रोका गया।

समाधान:

ऐसे छात्र- छात्रा **13 अगस्त 2025** से **18 अगस्त 2025** तक ऑनलाइन नामांकन फॉर्म में सुधार या अपडेट समर्थ पोर्टल जाकर ऑनलाइन माध्यम से रजिस्टर्ड ईमेल, लॉगिन आईडी और पासवर्ड से ही संभव होगा। यदि आपके अंक प्रतिशत अथवा जाति सही नही भरा था तो ठीक कर सकते हैं। फोटो अथवा कोई भी सर्टिफिकेट यदि गलत अपलोड किया था, उसे ठीक कर सकते हैं। यदि कोई समस्या आती है, महाविद्यालय स्थित हेल्प डेस्क सेंटर पर जाकर समाधान ले सकते हैं। सुधार न करने पर आप नामांकन प्रक्रिया से बाहर ही रहेंगे।

**Case -3:** ऐसे छात्र- छात्रा जो प्रथम या द्वितीय मेधा सूची में महाविद्यालय में चयनित हुए, लेकिन चयनित होने पर भी किसी कारण से नामांकन नहीं लिया।

समाधान:

ऐसे छात्र- छात्रा **13 अगस्त 2025** से **18 अगस्त 2025** तक अपने ऑनलाइन नामांकन आवेदन फॉर्म को आवश्यक रूप से अपडेट करना होगा। यदि ऐसे छात्र- छात्रा ऐसा नही करते है तब माना जायेगा कि ऐसे छात्र- छात्रा अपना नामांकन अन्य किसी संस्थान में करा लिये हैं अथवा नामांकन के इच्छुक नही है।

**Case -4:** ऐसे छात्र- छात्रा जो किसी भी मेधा सूची में किसी भी महाविद्यालय में चयनित ही नही हुए।

समाधान:

ऐसे छात्र- छात्रा सबसे पहले विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर महाविद्यालयों में विषयवार रिक्त सीटों की उपलब्धता का भली-भाँति अध्यन कर आश्वस्त हो लें कि उनकी अंक प्रतिशत एवं जाति में किस महाविद्यालय में कौन विषय में सीट प्राप्त हो सकती है। अतः सुझाव दिया जाता है कि वें उपलब्धता के आधार पर अपना विषय अथवा महाविद्यालय में परिवर्तन कर लें।

**I.Sc. (इंटरमीडिएट विज्ञान)** के ऐसे छात्र- छात्रा जिन्होंने कॉमर्स अथवा कला संकाय में नामांकन के लिए एप्लाई किया था, लेकिन उनका चयन किसी भी मेधा सूची में नही आ सका। उन्हें सलाह दी जाती है कि वें कला संकाय के स्थान पर साइंस विषय को अपडेट कर एप्लाई करें।

08/08/25

# पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ

अध्यक्ष छात्र कल्याण

बिहार-854301

Email ID :- dsw@purneau.ac.in

**I.Com. (इंटरमीडिएट वाणिज्य)** के ऐसे छात्र- छात्रा जिन्होंने कला संकाय में नामांकन के लिए एप्लाई किया था, लेकिन उनका चयन किसी भी मेधा सूची में नही आ सका। उन्हें सलाह दी जाती है कि वें कला संकाय के स्थान पर कॉमर्स विषय को अपडेट कर एप्लाई करें।

**I.A. (इंटरमीडिएट कला)** के ऐसे छात्र- छात्रा जिन्होंने कला संकाय में नामांकन के लिए एप्लाई किया था, लेकिन उनका चयन किसी भी मेधा सूची में नही आ सका। उन्हें सलाह दी जाती है कि वें कला संकाय के स्थान पर कॉमर्स विषय को अपडेट कर एप्लाई करें।

- नोट: सभी संबंधित विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथी में ही आवश्यक कार्रवाई पूरी कर लें ताकि वे नामांकन प्रक्रिया से वंचित न रह जाएं।

Importanat Dates:

| | |
|---|---|
| **Publication of Vacant seat for III Merit List:** | **12.08.2025** |
| **Samarth Portal Open for Modify/ Update/ Fresh Apply:** | **13.08.2025 to 18.08.2025** |
| **Admission date III Merit List:** | **25.08.2025 to 28.08.2025** |

माननीय कुलपति के आदेशानुसार

08/08/25

अध्यक्ष छात्र कल्याण

ज्ञापांक:– **PUP (10/25 Acd) – DSW-119 /25**

दिनांक:–08.08.2025

**प्रतिलिपि:–**

1. सभी प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य सभी अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालय, पूर्णियॉ विश्वविद्यालय, पूर्णियॉ।
2. सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक), पूर्णियॉ विश्वविद्यालय, पूर्णियॉ।
3. समर्थ नोडल पदाधिकारी, पूर्णियॉ विश्वविद्यालय, पूर्णियॉ।
4. मीडिया प्रभारी, पूर्णियॉ विश्वविद्यालय, पूर्णियॉ।
5. आई०टी० सेल, पूर्णियॉ विश्वविद्यालय, पूर्णियॉ को इस निर्देश के साथ कि विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करे।
6. कुलपति / प्रति कुलपति / कुलसचिव के निजी सहायक, पूर्णियॉ विश्वविद्यालय, पूर्णियॉ।
7. सूचना पट्ट।
8. गार्ड फाईल।

08/08/25

अध्यक्ष छात्र कल्याण